# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप0/2025/2522 दिनांकः 04.03.2025

## प्रथम स्मरण पत्र

**तत्काल**
**परीक्षा अत्यावश्यक**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी शासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर (म.प्र.)

**विषय :- विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र बनाये जाने विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि मार्च, 2025 के तीसरे सप्ताह से विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षाऐं प्रारम्भ हो रही हैं। आपके क्षेत्रान्तर्गत स्नातक परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की संभावित संख्या के लिये कितने महाविद्यालय ऐसे है जिन्हें आगामी परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है। ऐसे महाविद्यालयों में कितने परीक्षार्थियों की बैठक क्षमता है तथा परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाऐं उपलब्ध हैं। यदि वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में आपके परिक्षेत्र में ऐसे शासकीय स्कूल हैं जिन्हें आगामी परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है, तो ऐसे स्कूलों के संबंध में बैठक क्षमता तथा आधारभूत सुविधाओं की जानकारी प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त जानकारी दिनांक 06.03.2025 को भोपाल में आयोजित बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की जाना है। लेकिन आज दिनांक तक कुछ अग्रणी महाविद्यालयों से चाही गयी जानकारी प्राप्त नहीं हुयी है।

अतः आप उपरोक्त आवश्यक जानकारी दिनांक 06.03.2025 को दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से ई-मेल आई.डी. jiwajigwalior@yahoo.co.in पर भेजी जाना प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें।

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः-**

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चम्बल संभाग की ओर भेजकर निवेदन है कि अग्रणी महाविद्यालयों को आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करें, जिससे आवश्यक जानकारी निर्धारित समयावधि में प्रदाय की जा सके, तथा भोपाल में आयोजित बैठक में प्रस्तुत की जा सके।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।

**परीक्षा नियंत्रक**